colleague, Shri Jaswant Singh, for leave to withdraw the bill to declare the Indian Council of World Affairs to be an institution of national importance and to provide for its incorporation and matters connected therewith, which was passed by the Lok Sabha on the 18th December, 2000, and laid on the Table of the Rajya Sabha on the 18th December, 2000.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI JAGMOHAN: Sir, I withdraw the Bill.

DISCUSSION ON THE STATEMENT OF PRIME MINISTER RECENT SUMMIT-LEVEL TALKS HELD BETWEEN INDIA AND PAKISTAN IN AGRA (Contd.)

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (झारखंड) : शुक्रिया सदरे मोहतरम, मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि आपने आगरा चोटी कॉन्फ्रेंस जैसे अहम मौजू पर मुझे बोलने का मौका इनायत फरमाया है।

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): चोटी पर?

†**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** : जी, शिखर वार्ता को उर्दू में चोटी कॉन्फ्रेंस कहते हैं। चोटी कॉन्फ्रेंस - आला सतहई कॉन्फ्रेंस। असल में अगर हर ज़ुबान का इस्तेमाल हो तो लोगों को अजनबियत महसूस नहीं होगी। ...(**व्यवधान**)... सदरे मोहतरम, हमारे वज़ीरे आज़म हिन्द जनाब अटल बिहारी वाजपेयी साहब और पाकिस्तान के हमारे वज़ीरे आज़म के तसलीमशुदा सदर जनाब जनरल परवेज़ मुशर्रफ साहब के साथ आगरा में जो सरबराह मुलाकात हुई, उस पर पार्लियामेंट में बहुत ही तफसील से चर्चा हो चुकी है। मैं चंद बातों की ओर आपका ध्यान खींचने की कोशिश कर रहा हूं। सदरे मोहतरम, हिन्दुस्तान एक मेज़बान मुल्क है और हिन्दुस्तान की मेज़बानी तारीखी रवायात की हामी है। दुनिया का सबसे पुराना मुल्क, दुनिया की सबसे कदीमी तहज़ीब, दुनिया का सबसे कदीमी मआशरा और दुनिया की सबसे कदीमी मेज़बानी की विरासत हिन्दुस्तान के मुकद्दर में आयी है। हमने अपनी उन्ही रवायतों को बरकरार रखते हुए पाकिस्तानी सदर जनाब जनरल परवेज़ मुशर्रफ साहब की मेज़बानी के भी फरायज़ अंजाम दिये। माज़ी की बेशुमार तलखियां, नफरतों और वहशतों के दरमियान जिस तरह जनरल परवेज़ मुशर्रफ साहब की मेज़बानी के फरायज हिन्दुस्तान ने अंजाम दिये हैं, हिन्दुस्तान की इस वसी- उल -क़लबी और फराखदिली को सारी दुनिया में सराहा गया है। यकीनन ये हिन्दुस्तान के सायानेशान था, जो अपने दुश्मनों को भी मेहमान बनाए। आपने मेज़बानी के सारे रिकार्ड तोड़कर दुनिया में खुद अपनी मेजबानी का रिकार्ड कायम किया। मैं अपने मुल्क के तमाम शहरियों को इस अजीमुश्शान मेजबानी की मुबारकबाद देता हूं। सदरेमोहतरम, आगरा में किन मसायल को लेकर यह चोटी कांफ्रेंस हुई, हिन्दुस्तान और पाकिस्तान दोनों मुल्कों के आवाम के दिलो-दिमाग में बेपनाह गुंजाइश पैदा हो गई कि हम लोग आपस में मेल-जोल का एक माहौल देखने की सआदत हासिल

---

† Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

करेंगे। मगर बदकिस्मती की बात यह है कि हम कोई मुसतरका एजेंडा ऐलानिया की शक्ल में सामने नहीं ला सके और बातचीत को आला सतही और नाकामी से गुजरना पड़ा। क्योंकि हुकूमत के लोग कामयाबी मानते हैं, मगर सिर्फ नसिसतन गुफतन बर्खास्तन को कामयाबी माने। बैठिए, खाइए, पीजिए और चले जाइए अगर इसका नाम कामयाबी है तो यकीनन यह मुलाकात कामयाब रही। मगर मैं समझता हूं कि जिस एजेंडे पर, जिस मसले पर, जिस झगड़े पर मुलाकात तय हुई थी अगर वह मसला तय नहीं हुआ तो हम इस मुलाकात को कामयाब मुलाकात कहने से गुरेज करेंगे। मसला क्या था, सदरे पाकिस्तान सिर्फ मसला-ए-कश्मीर को लेकर यहां आए थे। यह कोई छुपी हुई बात नहीं थी, यह छपी हुई बात थी। यहां आने से पहले उन्होंने दो टूक अंदाज में अपने ख्यालात का इजहार कर दिया था। यहां आने के बाद भी उन्होंने दो टूक अंदाज में अपने ख्यालात का इजहार किया। हमारी प्रैस ने भी कहा, हुकूमत के कुछ जिम्मेदारान की तरफ से भी बात आई, जनरल परवेज मुशर्रफ सियासी आदमी नहीं है, सोल्जर हैं, फौजी आफिसर हैं, इसलिए इस सियासी बसीरत से महरूम हैं। मैं कहना यह चाहता हूं कि अगर एक जनरल सोल्जर है, सियासी बसीरत से मेहरूम है और एक मसले पर टिका और अड़ा हुआ है तो हम तो सियासी बसीरत से मेहरूम नहीं हैं। हम तो अपनी सियासी बसीरत का लोहा सारी दुनिया से मनवा चुके हैं। अगर जनरल परवेज मुशर्रफ सिर्फ मसला-ए-कश्मीर पर अड़े हुए थे तो हमारे पास इतनी गुंजाइश थी कि हमें मसला-ए-कश्मीर पर भी जमकर बात करने की पॉजिशन मे थे। अगर वे हिन्दुस्तान के कश्मीर को मुतनाजिया कश्मीर कह रहे थे तो हमें पाकिस्तान के पास रहने वाले कश्मीर को भी अपना अटूट हिस्सा कहते हुए उनसे वापसी का मुतालबा करना चाहिए था। मगर हमारा ये कहना है कि कश्मीर भी एक मसला है और भी सारे मसायल पर बात करेंगे तो क्या हम आपसे यह अर्ज करना चाहेंगे कि झगड़ा तो पूरी दुनिया में मसला-ए-कश्मीर पर हमारे सामने है। एक बात हमारी समझ में नहीं आती कि जब कश्मीर हमारा अटूट अंग है तो उनसे बात करने की भी क्या जरूरत थी। उनको दो टके का जवाब देकर भेज देना चाहिए था कि कश्मीर हमारा अटूट अंग है। मैं कहता हूं कि क्या जम्मू पर हम पाकिस्तान से डिबेट करते, क्या पंजाब पर पाकिस्तान से डिबेट करते, क्या बिहार और यूपी पर पाकिस्तान से हम डिबेट करते? क्या हिन्दुस्तान के दीगर 24 सूबों पर हम पाकिस्तान से डिबेट करते? पाकिस्तान या दुनिया की किसी ताकत से हम डिबेट करते? इसलिए कि सारी दुनिया जानती है कि यह हमारा अटूट हिस्सा है? इसी तरह कश्मीर का हम रुबावर कराने में कामयाब क्यों नहीं हो रहे हैं? कश्मीर भी हमारा वैसा ही अटूट हिस्सा है जैसा दिल्ली हमारा अटूट हिस्सा है। जिस तरह पंजाब और महाराष्ट्र हमारे अटूट हिस्से हैं...

श्री टी. एन. चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश) : कुलदीप जी को जरा बता दीजिए।

†**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** : आप बताइएगा। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि कश्मीर पर भी अगर वे बात करके जाना चाहते तो हमें कश्मीर पर भी बात करनी चाहिए थी मगर कहने का मतलब यह है कि वे मुजाहिदीन आजादी दूसरों को कहते रहते हैं, आतंकवाद फैलाने वाले, टेरेरिज्म करने वालों को मासूम शहरियों की जान लेने वालों को, अपने मुल्क की आजादी का एक हिस्सा कहते रहे और उसकी तुलना मुक्तिवाहिनी से करके चले गए। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जनरल परदेज मुशर्रफ साहिब के एक प्रोग्राम में अगर उन्होंने किसी सियासी बसीरत का सुबूत नही दिया तो हमें जरूर अपने सियासी बसीरत का सुबूत देना चाहिए था।

† Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

जनरल की सदारत का वजीर-ए- आजम हिन्द की तरफ से खैर मकदम दरअसल जनरल को इन्टरनेशनल हीरो बनाने का मुतरादिफ था। जिस माहौल में हमने उनसे बात की है उसमें एक तरफ तो हम जम्हूरियत की कद्रों की पामाली के बारे में सारी दुनिया में ढिंढोरा पीटते हैं और दूसरी तरफ हमारी ही पुश्त पर जम्हूरियत का कत्लेआम हुआ। जम्हूरियत के दो नुमाइंदे पाकिस्तान में थे एक का नाम बेनजीर भुट्टो है दूसरे का नाम मियां नवाज शरीफ है। चुनी हुई हुकूमतों को जिस तरह से वहां बर्खास्त किया जाता है, जिस तरह से उन ममालिक के हुक्मरानों को दर-बदर फिराया जाता है और शहरबदर किया जाता है ऐसे कैरेक्टर के आदमी ने जिस वक्त ग़ासबाना तौर पर पाकिस्तानी हुकूमत पर कब्जा किया उसकी ग़ासबाना सदारत को तसलीम करने वाला दुनिया का कोई मुल्क नहीं था। इत्तफाक और बदनसीबी की बात है कि हमारी गवर्नमेंट थी और हमारे हिंदुस्तान के वजीरेआजम थे। मैं यह कहना चाहता हूं कि ऐसी लचर पॉलिसी से मसला-ए-कश्मीर कैसे हल होगा? हम इससे पहले भी कह चुके थे, जब निचली सतह पर बातचीत हो रही थी तब भी हमने कह दिया था कि बातचीत का दरवाजा उस वक्त खुलेगा जब बॉर्डर पर क्रास टेरेरिज्म खत्म हो जाएगा। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आगरा चोटी कांफ्रेंस के मौके पर क्रास बॉर्डर टेरेरिज्म खत्म हो गया था? क्या पाकिस्तानी आतंकवादियों को शह नहीं मिल रही थी? क्या वे कश्मीर में तोड़-फोड़ नहीं कर रहे थे जनरल मुशर्रफ के रहने के वक्त भी और जनरल मुशर्रफ के जाने के बाद भी? जिस तरह आदमियत का खून बहाया गया है और कश्मीर में इंसानियत की कद्रों को पामाल किया गया है क्या यह सारी दुनिया नहीं देख रही है? क्या इस चीज को हमारा मुल्क नहीं जानता है? एक मर्तबा हिंदुस्तान की सौ करोड़ की आबादी और पूरी दुनिया के इंसानों को इस एत्माद में लेना कि पाकिस्तान टेरेरिज्म फैला रहा है और जब तक टेरेरिज्म खत्म नहीं होगा उससे बातचीत का कोई सवाल पैदा नहीं होता लेकिन यकायक नजरेसानी करने की जरूरत भी नहीं समझी गई और आगरा चोटी कांफ्रेंस का ऐलान करके सारी दुनिया को चौंका दिया गया। यह कौन सी हुकूमत की पॉलिसी है कि एक तरफ तो कहते हो कि उस वक्त तक बात नहीं करेंगे जब तक टेरेरिज्म खत्म नहीं होगा तो क्या उस वक्त टेरेरिज्म खत्म हो गया था जब आप लोगों ने आगरा में ताजमहल का सपना देखा था? मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि इस मसले पर आपने संजीदगी से गौर नहीं किया। इस मसले पर संजीदगी के साथ पूरे आवाम को ऐत्माद में लेकर कोई गुफ्तगू नहीं की गई वरना पाकिस्तान से मामला क्या है। हम बोली के जरिए यह मामला हल करना चाहते हैं और पाकिस्तान गोली के जरिये यह मसला हल करना चाहता है किसे इस बात से इंकार हो सकता है। हमारी कूटनीति और राजनीति के बहुत चर्चे हैं। हम सारी दुनिया को यह भी बावर नहीं करा सके कि पाकिस्तान एक टेरेरिस्ट मुल्क है और इसे टेरेरिस्ट मुल्क घोषित किया जाना चाहिए, इसे टेरेरिस्ट मुल्क करार दिया जाना चाहिए तो हम किस कूटनीति और किस पॉलिसी की बात करते हैं। पाकिस्तान हमारी छाती पर मूंग दल रहा है, बारह साल से मुसलसल हमले पर हमले करता जा रहा है, हमारे नौजवानों का कत्लेआम, हमारे बच्चों को यतीम, हमारी औरतों को बेवा और हमारी बहिनों की मांग का सिंदूर खुरचता चला जा रहा है। इसके बावजूद वह कौन सी हमारी कूटनीति की कामयाबी है, कौन सी राजनीति की कामयाबी है कि हमने सारी दुनिया को बावर करा दिया कि पाकिस्तान एक टेरेरिस्ट मुल्क है। हम उस वक्त कामयाब होते जब सारी दुनिया को हम यह बावर कराते कि वह टेरेरिस्ट मुल्क है, उसे टेरेरिस्ट मुल्क करार दिया जाए, वह वहशत का नकीब है वह दरिंदगी का नुमांइदा है। मगर अफसोस की बात यह है कि हुकूमत की नाकारा पॉलिसी की बुनियाद पर आज तक हम दुनिया को यह बावर कराने में कामयाब नहीं हो सके।

सदरेमोहतरम, एक बात और अर्ज करने की कोशिश करूंगा बारह साल से कश्मीरी आवाम की हालत-ए-जार पर भी जरा नजर डाल लें। उन्हें तो हमने मुर्ग मुसल्लम खिलाया वे चले गए। उन पर करोड़ो रुपया खर्च किया, सेहत तक का खयाल रखा गया, डॉक्टर साथ में रखे गए लेकिन हमारे वे फौजी जिन्हें उनके फौजी और सिपाही निशाना बनाते हैं उनकी जान और माल के लिए तहफ्फुज के लिए हमने कुर्बानियों से कोई दरेग नहीं किया। मगर सदरे मोहतरम, पत्थर पर दूब नहीं जमती, दूब तो गीली जमीन पर उगती है। बंजर जमीन से अनाज उगाने का ख्वाब देखना अहमकों की जन्नत में रहना है। दूब अच्छी जगहों से उगती है, अच्छी जगहों से फसले लहलहाती हैं। पाकिस्तान से इस बात की उम्मीद करना कि बातचीत के जरिए हम मसला-ए-कश्मीर को हल कर लेंगे एक दीवाने के ख्वाब के अलावा मुझे और कुछ दिखलाई नहीं देता। हुकूमते हिंद को सख्त जुबान में पाकिस्तान से बात करने की जरूरत है। मैं एक बात और अर्ज करना चाहूंगा कि हुकूमत का जब यह मुअक्कफ था कि जब तक टेरेरिज्म खत्म नहीं होगा बात नहीं करेंगे लेकिन इसके बावजूद हुकूमत अपने मुअक्कफ से हट गई और घुटना टेक सरकार बनकर पाकिस्तान के सामने झुकती दिखलाई दी। मैं यह कहना चाहूंगा कि अब जब पाकिस्तान बुला रहा है तो यह कह दें कि हम घुटनाटेक सरकार नहीं हैं। अब तो वाकई जब तक टेरेरिज्म खत्म नहीं होगा पाकिस्तान की धरती पर किसी तरह का कोई सवाल पैदा ही नहीं होता। इसलिए कि यह किसी मुल्क की इज्जत का सवाल है, यह किसी पार्टी की इज्जत का सवाल नहीं है। यह हिंदुस्तानी कौमी यक-जहती का सवाल है, यह किसी पार्टी के मिनिस्टर और किसी हुकूमत के प्राइम मिनिस्टर का सवाल नहीं है। सदरेमोहतरम मैं यह अर्ज करना चाहूंगा कि तीसरी ताकत के मुदाखलत से भी इंकार किया गया। मगर प्रेस के जरिए यह पता चला, मीडिया के दिगर जराए से यह पता चला, खुद हुकूमतों की इशारतन और किनायतन गुफ्तगू से यह पता चला कि कहीं न कहीं दाल में काला है। कोई माशूक है इस पर्दे ए जंगारी में, किसी माशूक ने इसका इंतजाम करवाया था। जो आगरा की चोटी की कांफ्रेस हुई, मैं कहना चाहता हूं कि एक तरफ साफ साफ हम कहते हैं कि किसी दूसरे का हस्तक्षेप हम नहीं चाहते। लेकिन दूसरी तरफ अब धीरे धीरे यह बादल छंटने लगे हैं और तीसरी ताकत का चेहरा भी निगाहों के सामने आने लगा है कि कौन तीसरी ताकत है, जो कभी हमें झुकवा कर बात करवाती है और कभी उन्हें झुकवा कर बात करवाती है। इसलिए मै गुजारिश करूंगा कि हिन्दुस्तान का नजरिया बहुत साफ होना चाहिए। हमें नर्वस सिस्टम का शिकार नहीं होना चाहिए। हमारा मुल्क दुनिया का वह ताकतवर मुल्क है जो मादनियात और माशी बुनियाद पर ताकत नहीं रखता बल्कि वह अखलाखी बुनियाद पर ताकत रखता है, इल्मी बुनियाद पर ताकत रखता है, अमली बुनियाद पर ताकत रखता है। तहजीब की ताकत यह कोई मामूली ताकत नहीं है, विरासतों की ताकत कोई मामूली ताकत नहीं है, रिवायात की ताकत कोई मामूली ताकत नहीं है, मेजवानी की ताकत कोई मामूली ताकत नहीं है, तमाम धर्मों को मिलाकर चलने वाली ताकत का इत्तिहाद कोई मामूली ताकत नहीं है। हिन्दू का "ह" और मुस्लिम का "म" मिलकर हम हैं। मुत्तेहदा कुब्बत बनकर उभरने वाले हिन्दुस्तान की ताकत मामूली ताकत नहीं है। इस ताकत को दूसरों को एक्सप्लाइट नहीं करने देना चाहिए। हमें खुले दिमाग से साफ सुथरी नीति बनाकर पाकिस्तान से बात करते हुए अपनी एक इंच जमीन पर भी पाकिस्तान को ख्वाब देखने का तस्सवुर नहीं देना चाहिए। मैं तो अभी सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि इस चोटी की कांफ्रेंस में वजीरे आजम को सिर्फ एक शेर पेश करके अपनी बात खत्म करता हूं :

उसके दिल से पूछिए नाकामियों की लज्जतें,
लुट गया हो जो मुसाफिर जा के मंजिल के करीब।

थैंक यू, शुक्रिया।

MR. CHAIRMAN: There are a number of speakers. I would like the speakers to be brief. Now, Shri J. Chitharanjan; you have nine minutes, because your Party has nine minutes.

SHRI J. CHITHARANJAN (Kerala): Hon. Chairman, Sir, the Communist Party of India, which I represent, had welcomed the initiative taken by the Prime Minister of India to invite Mr. Musharraf, the President of Pakistan for Summit-level talks. It is so because we believed that the disputes between the countries will have to be settled through negotiations. Resorting to the tactics of settling the disputes through force will be very dangerous and disastrous. That is why we had supported that initiative. Sir, at the same time, we thought that the Government might have done some preparations before the start of the Summit. The Summit-level talks between the Heads of States is quite different from the talks at the official level, at the level of Secretaries or even at the Ministerial level. It being so, Sir, a careful and serious preparation will have to be made, while we arrange for Summit-level talks. At several levels, discussions should have been carried on, at the official level, at the Ministerial level, etc. just to explore or probe the mind of the other party, to understand what perspective they are having and also to understand whether there is any amount of agreement that could be reached. But, to my surprise, the Government has failed in that. It was a very serious mistake on the part of the Government of not having done such a serious preparation. Now, the Summit had ended, and we could neither arrive at a minimum settlement, nor we could come out with a joint declaration. Even then we are of the view that we will have to continue the dialogue. There is no other way to solve the problems between the two countries.

At the same time, I would like to point out that the Prime Minister had stated: "We made progress despite differences in our perspectives. We made progress towards bridging the approaches in the draft joint document." So, if you go through what he said in his statement, you will find that both the parties were having different perspectives. While Gen. Musharraf was asking to focus on Kashmir and had even gone to the extent of stating that without Kashmir no other issue could be discussed, the Government of India was taking the position that we should have a

composite dialogue. In the same manner, when we demanded that there was a question of stopping the cross-border terrorism, he refused to agree. Not only that, he even went to the extent of characterising it as a freedom struggle. I do not want to go into it in more detail, but what I would like to point out is that there was an ocean of difference between the two parties. In such a situation, how can you arrive at conclusion that there was a possibility of bridging the approaches in a draft joint document? If this is correct and if what the Prime Minister has stated here is also correct, then something more, which has not been revealed here, might have taken place during the discussions and we have been kept in dark on that point. Otherwise, there is no meaning in saying that there was a possibility of bridging the gap in our approaches.

My next point is that the spokesman of the Government had repeatedly said that we will proceed on the basis of the Simla and Lahore agreements. After the Summit, we had even gone to the extent of saying that we will not start our further discussions on the basis of Agra talks. We will begin afresh from Simla and Lahore Agreements. At the same time, Shrimati Sushma Swaraj, while speaking yesterday said: Unlike in the settlements in Tashkent and Simla, we have not surrendered our interests. We have come out with a fixed deposit. Kindly see what is their attitude regarding the Tashkent Agreement and the Simla Agreement. If it is the opinion of the Government that the Tashkent Agreement and the Simla Agreement were a surrender, then why should they say that they will proceed on the basis of the Simla Agreement, and not on the basis of the Agra talks? Therefore, I would like to say that the spokesman of the Government has been taking different positions with regard to these things. Its manifestations are different and here also during the discussions here, the Government has manifested itself differently.

Now, I come to another point.

Of course, on the Agra Summit, there were differences on almost all the issues. On this Summit, opinions are being expressed as to why should we talk or have a dialogue with Pakistan. Some sections of the ruling party, especially the major party in the NDA, have expressed the view that in the present conditions when Pakistan is taking such an attitude, we should not continue dialogue with them. Some people even went to the extent of saying that we should prove that we are strong enough to face any situation created by Pakistan. What do they mean by that? A basic

question arises in our mind. Should we continue this dialogue with a view to bringing about a settlement on Kashmir and other disputes? According to me, the dialogue should continue.

Regarding the Kashmir issue, we will have to deal with Pakistan. We will have to face terrorists. We all know that for the last three years, especially, the Home Minister has been repeatedly making statements that we will put an end to terrorist activities with an iron hand and we would suppress it.

MR. CHAIRMAN: You have taken ten minutes.

SHRI J. CHITHARANJAN: I am concluding, Sir.

On the one side, we are making toll promises. On the other, killings of ordinary people are going on. Therefore, we will have to check this. Another thing which I would like to point out is, it is necessary for us to win over the confidence of the people in Kashmir. I am of the opinion that we have not succeeded in this. To some extent, they are alienated from us. Why did it happen? We will have to examine it. There is an article -- article 370 in our Constitution. What is our attitude towards it? Are we standing by that? On the basis of this article, are we prepared to have a talk with those who are in power in Kashmir and arrive at a reasonable understanding? I do not know whether the Government is initiating such an action. Therefore, I request the Government to ensure that the people of Kashmir are won over. Thank you.

MR. CHAIRMAN: Now, Mr. Kuldip Nayyar. I would like to inform the hon. Members that we have about 15 speakers on this discussion. The list of speakers is to be completed today. The Prime Minister would reply on Monday, 13th August after the Question Hour. If the House agrees, we will sit through lunch hour and continue with this discussion. After the Private Members' Business is over, we will resume the discussion.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

SHRI SURESH PACHOURI (Madhya Pradesh) : Yes, Sir. Today, we can finish the discussion by skipping lunch hour so that on Monday, the Prime Minister can reply to the debate.

SHRI KULDIP NAYYAR (Nominated): Mr. Chairman, Sir, I don't think that the Agra Summit has failed. The very fact that both the leaders

Shri Atal Bihari Vajpayee, Prime Minister of India and Gen. Musharraf met, I think, that itself was an achievement. And the fact that they are going to meet in future whether at the United Nations or later, I think, is a plus point.

Where, I think, the Government has failed is, in not properly communicating to the media what was going on. Where is that declaration or statement that Jaswant Singhji said was written in Punjabi English and he initialled it? Maybe it was Rajasthani English! I think the Foreign Affairs Office did not handle the media properly. Communication is an art. You can formulate a policy, the best of policies. But, if you are not able to pervade, if you are not able to convey it, then, what is the use?

Now, the Foreign Affairs Minister and the Prime Minister have said certain things, some were here, some were outside, some were at the various BJP meetings. I wish this had been known to us earlier. What has happened is, since these things were not available to us, we have written on the basis of certain things which were inferred or which we heard. It is true that, now, some other opinion is being created. But I can tell you, with all humility, to Jaswantji, that the impression which we have created, wrongly or rightly, is going to stay with the people because printed word is very much honoured and respected here. I think the failure of the Government has been not to take the people into confidence or at least not to tell us what was happening, which they have done now.

[The Deputy Chairman in the Chair]

I have been following this subject for many years. I have come to this conclusion that I do not think that the two Governments are going to solve this problem. I think this problem of Kashmir is not a territorial problem. This is an ideological problem; ideological, in the sense that Pakistan insists on having the Valley, and that is only because it is Muslim populated. I remember, when I was with Atalji in that bus to Lahore, there was a breakfast given to Sardar Prakash Singh Badal, the Punjab Chief Minister, by Nawaz Sharief. He suggested to him at the breakfast meeting, "Sardarji, you can take Ladakh, Buddhist, Jammu, Hindu, and give us the Valley, Muslim population, and that is the end of the matter." Sardarji Badal Saheb kept quiet. But I intervened and said, "Sir, you can take the whole Jammu and Kashmir. But this time, the criterion is not going to be religion. The basis of any type of settlement is not going to be religion because I have seen Partition. I have come through that." How many lakhs of people were killed? I hope that our External Affairs Minister and our Prime Minister

1.00 P.M.

must have conveyed to Pakistan that as far as this problem is concerned, it will never be settled on the basis of religion. Though, sometime, I wonder, because there are talks of trifurcation of the State, by the RSS or some other people. ...*(Interruption)*...

SHRI T. N. CHATURVEDI: Why do you bring in the RSS?

SHRI KULDIP NAYYAR: Some such organisation. They talk of trifurcation. To my mind, this matter can be settled in two ways.

Firstly, people to people contact must take place. I am glad that the Government of India has taken some steps which have eased the restrictions on visas. But, I am surprised that, while, Shri Jaswant Singh has taken so many steps, he has not lifted the ban on newspapers and books. Why don't you lift the ban on newspapers and books? You have done a good thing. You lift the ban unilaterally. Let their newspapers come here. Otherwise, these are being unloaded here and printed. Why do we have restrictions on newspapers and books? I hope the Minister will consider this thing seriously. When you meet the people in Pakistan, you will realise their compulsions. These people have been under martial law or some other kind of law for almost thirty years. Their society is not like our society. It is not like our open society. They are afraid to talk. So, we have to take some steps whereby we draw those people to our side. Some of us make an effort. But when we make an effort, we are misunderstood here, because, this is the usual line followed by the people on this side. Let the intelligentsia come, let doctors, lawyers, journalists and common men meet. That will generate some kind of goodwill, and all our problems will be easier to solve. When I am coming to the people, I am talking of the people of Jammu and Kashmir. We have made certain commitments to them. When Jammu and Kashmir joined the Union of India, certain promises were made. They acceded to us only three subjects, that is, Defence, Foreign Affairs and Communications. Over the years, that autonomy of theirs has been corroded. We have taken more powers. Through the Assembly or through the Governor, we have taken more subjects. I am of the opinion that we shall have to go back to the same position, and I do not agree with the Home Minister that we cannot go back to the pre-1953 position. I think, if we have to win the confidence of the people of Kashmir, we will have to go back to what they acceded to us. The Union has no right to say: " Look here, now, the time has passed. You cannot have it." After all, artilce 370 of

the Constitution assured this thing. Madam, one more point I want to make. I am very happy to know that the Prime Minister and the Foreign Affairs Minister have said again and again that we shall not tolerate cross-border militancy. I think, this is a correct stand, because, in the name of cross-border militancy, murders are being committed. Some mercenaries are coming, some fundamentalists are coming and killing the innocent people. I want that some intellectuals in Pakistan or some columnists in Pakistan should make an effort in this direction to find out how this situation is being communalised and how Hindus are being picked up and killed. I think, if those people are given the opportunity to speak, they will say so. But it is not happening because, they don't have that kind of freedom which exists here. *(Time Bell)* Madam, I speak very rarely, and here also, you are ringing the bell.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am ringing the bell because there are still some speakers, and Mr. Jaswant Singh will take the floor. ...*(Interruptions)*... When I am speaking, you must listen to me.

SHRI KULDIP NAYYAR: I am sorry.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have to make an announcement. I am not just speaking like that. The Minister has to speak at 1.30 P.M. So, I have to accommodate two, three other speakers. That is why I was trying to tell you this thing.

श्री कुलदीप नायर : मैडम आपने मेरा चेन ऑफ थॉट्स तोड़ दिया।

Let me make one more point. A criticism has been made of the Indian media, which is very unfair. When in Agra, for 34 hours, there was nothing, not a word from the External Affairs Ministry, what you people were doing, what the Press was doing.

After all, they are readers. They have their own audience. This is where the Ministry is to blame. But I have not been able to understand why the Prime Minister did not take the Indian editors into confidence. Indian editors could have talked to them before and after the talks. I recall, and I shall sit down, that Lal Bahadur Shastri was going to Tashkent. I happened to be his Press Secretary. He called the editors and placed all cards on the table. He took them into confidence because when it used to be Haji Pir Titwal, whether they would be given to Pakistan or not, he told them, and once he was not able to persuade them, he told them, "Today, there would be a pressure from the Soviet Union, and I may not be able to

do what you are saying." He explained it to them. I think, that way, he was able to take the people into confidence. Similarly, I wish this Government would be a little more transparent and take some people into confidence. After all, there are so many people amongst the journalists who belong to his party, or who are having the same point of view. Let those people be taken into confidence. At least, something should come out. Let me say, at the end, let us not leave this path of dialogue. I know it is very difficult. I know Pakistan being so intransigent that, probably, sometimes, you may lose patience, but, if we have a neighbour like this, we have to live with it, and we have to talk to it. The only thing is, let us stand on principles, let us stand on basics, and that is that we will not budge on the ideological point, and that we will not allow the cross-border militancy to go on. Thank you very much, Madam.

†**मिर्ज़ा अब्दुल रशीद (जम्मू और कश्मीर)** : मैडम डिप्टी चेयरमैन साहिबा, आगरा सम्मिट हो या कश्मीर पर डिस्कशन हो, बात कश्मीर के इर्द-गिर्द ही घूमती है। मैं अपनी बात शुरू करुंगा इस शेर के साथ कि :-

तू फकत देखता है साहिल के रज्म में खैरो-शर
कौन तूफां के तमाचे खा रहा है, मैं के तू?

इसमें कोई शक नहीं कि पार्लियामेंट, संसद के ऑनरेबल मैम्बरान् वहां की जनता की हमदर्दी के लिए हुकूमत पे नुक्ताचीनी भी करते हैं और इनके दिल में दर्द भी है, लेकिन वहां खून के समंदर में कौन गोताज़न हैं, वे.जम्मू-कश्मीर के आवाम हैं।

इससे पहले कि मैं वहां की बातें आपके सामने रखूं, मैं मुबारक दूंगा जनाब वाजपेयी जी को जिनके तदब्बुर, जिनकी सियासत दूरंदेशी और तजुर्बाकारी ने मुशर्रफ को मज़ाकरात की दावत दी और यह दावत कमज़ोरी नहीं, यह सियासी तदब्बुर है। यह मजबूरी नहीं, यह अपने आप पर और अपने देश की ताकत पर ऐतमाद है। यह कोई फौजी मसला नहीं, यह सियासी मसला है और यहां हमारे एक्स सी.एम.सी., जनरल मलिक ने भी कहा कि यह मसला सियासी है। आज का मौजूदा जनरल भी यही कहता है कि सियासी मसले को सियासी तौर पर हल किया जाता है।

जिनके रुतबे बड़े होते हैं, उनकी जिम्मेदारियां भी बड़ी होती हैं। इसलिए हमारे प्रधान मंत्री ने बड़े तदब्बुर से, बड़े हिम्मत और हौसले से कदम उठाकर यह जो कांफ्रेंस की, इसके पीछे भी हमारे देश का इतिहास है और जैसे मौलाना साहब ने फरमाया कि हमारे देश का इतिहास है कि हम नान वायलैंस का दर्स देते हैं, दया, धर्म और इंसानियत का दर्स देते हैं, जीयो और जीने दो का सबक सिखाते हैं हमारा मुल्क भी कुछ ऐसे ढंग से बना है कि -

सरजमीने हिंद पे इकवामे आलम के फराक,
काफिले आते रहे हिन्दोस्तां बनता रहा।

---

† Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

वाजपेयी जी ने बड़े भाई का बड़े वकार से रोल अदा किया, जनरल को सदर बनाया और पहली बार 50 सालों में एक पाकिस्तानी सदर को राजघाट ले गए, दुश्मनी के दायरे से खींचकर दोस्ती के दायरे में लाए और कारगिल के हमलावर को आगरा की पीस-टॉक्स में बातचीत करने के लिए बुलाया, दरवाजा खोलकर उनको बुलाया मगर उनके अड़ियल रवैये के कारण, उनकी हठधर्मी और जिद के कारण उनको खाली हाथ जाना पड़ा। जाते हुए उनके जजबात यह हो सकते हैं, मुशर्रफ साहब के जजबात ये हो सकते हैं कि मेरे दिल में मोहब्बत करवटें लेती रही, लेकिन मैं उस नफरत का क्या करता जो अपने साथ लाया था।

महोदया, इस सिलसिले में मैं तो यूं कहूंगा कि इतिहास में नफरत को बदलने के लिए, दुश्मनी की दीवारों को तोड़ने के लिए दोस्ती का कभी-कभी मौका मिलता है और हमें खुशी है कि यह दरवाजा खुला है आने-जाने का और हमने उस दरवाजे को खुला रखा है गुडविल मिशन के लिए, कॉन्फिडेंस बनाने के लिए।

महोदया, भारत और पाकिस्तान के बीच अगर कोई सबसे बड़ा मसला है तो वह आपसी विश्वास का मसला है। इसको हासिल करने के लिए कभी-कभी मुखालफत के कड़वे अलफाज़ भी बरदाश्त करने पड़ते हैं तनाव कम करने के लिए। यह लंबी दौड़ है, लंबा मसला है वह इसलिए कि इन 50 सालों के लंबे समय में जो मुश्किलें सामने आई हैं उनको हल करने की जरूरत है। इतनी लंबी दौड़ में फर्स्ट राउंड या सेकेंड राउंड में कामयाबी या नाकामयाबी को किसी हार या जीत के तराजू में नहीं तोला जा सकता। हां, यह बात जरूर है कि -

कदम चूम लेती है खुद आकर मंजिल,
मुसाफिर अगर अपनी हिम्मत न हारे।

और वह हिम्मत हमारे प्राईम-मिनिस्टर और फॉरेन मिनिस्टर में मौजूद है। मैं यहां सिर्फ दो-तीन बातें आपसे गुज़ारिश करूंगा। जसवंत जी यहां तशरीफ रखते हैं, ये बड़े कंपीटेंट, बड़े मुदब्बर फॉरेन मिनिस्टर हैं लेकिन अभी मुशर्रफ साहब का दिल इस मोहब्बत के काबिल नहीं था क्योंकि -

मोहब्बत के लिए कुछ खास दिल मख़सूस होते हैं,
ये वो नगमा है जो हर साज पे गाया नहीं जाता।

महोदया, इस बारे में मैं यह कहूंगा कि वो आए और भारत की झोली में बैठकर इस प्रॉक्सी वॉर को ऐलाने-जंग करार देकर चले गए, टैररिस्ट्स को फ्रीडम-फाइटर्स का रुतबा देकर चले गए। इसी तरीके से जो बेगुनाह और मासूम औरतें और बच्चे हलाक होते हैं, उनको तारीख-ए-आज़ादी के ज़माने की कुर्बानियों की तस्वीर देकर चले गए। कश्मीर को वे अनफिनिश्ड अजेंडा करार देकर चले गए। इसी के साथ वे यह भी कहकर चले गए कि कारगिल की जंग जो थी, वह बंगलादेश का बदला था।

महोदया, इन सारी बातों को मद्देनज़र रखते हुए मैं यह कहूंगा कि ऐडीटर्स कान्फ्रेंस में उन्होंने दो-कौमी थ्योरी को फिर जिंदा करने की कोशिश की और इसके साथ-साथ यह जो सैपरेटिस्ट ताकतें हमारी रियासत में थीं और जो हमारे यहां सैपरेटिस्ट मूवमेंट है, उसको ताकत देने के लिए उन्होंने काफी कोशिश की। तो सबसे बड़ा काम उन्होंने यह किया कि सारे हिंदुस्तान की जनता को ठेस पहुंचाई, उनके जजबात जख्मी किए और इस तरह वे जम्मू-कश्मीर सरकार को और वहां की अवाम को एक बड़ा चैलेंज देकर चले गए और दिल्ली की सरकार को भी इतना बड़ा चैलेंज देकर चले गए।

महोदया, जम्मू-कश्मीर में जो हमारी रियासत है, उसमें सदियों से सेक्यूलरिज्म की विरासत रही है और शेख-उल-आलम से लेकर लल्ला अरफा, बड़शाह से लेकर शेरे-कश्मीर तक सदियों पुरानी जो हमारी विरासत रही है, उसे ऋषियों, मुनियों, भक्तों, शायरों और अदीबों ने कायम किया है। इसीलिए 1947 में जब मुल्क आज़ाद हुआ तो उस ज़माने में शेरे-कश्मीर के समय में वहां एक मच्छर तक नहीं मरा जब कि पूरे हिंदुस्तान और पाकिस्तान में हर जगह इंसानियत और आदमियत हिंसा की आग में झुलस रही थी। अब उसका बदला लेने के लिए पाकिस्तान साजिशें कर रहा है, हमले कर रहा है। वहां कभी चिरारेशरीफ को आग लगा रहा है, कभी हजरत बल में हमले कर रहा है, कभी अमरनाथ और वैष्णो देवी में पहरे बैठाने के लिए हमें मजबूर कर रहा है। इन सब बातों के बावजूद जो हमें अफसोस है वह इस बात का है कि धरती हमारी, यह लोग हमारे और यह सरहदें हमारी और पाकिस्तान इंसानियत के खून से इस धरती को रंगीन बना रहा है। इसका हमें बड़ा अफसोस है। हम इनसे पूछना चाहते हैं और अपनी सरकार से पूछना चाहते हैं कि यह मोर्टर कहां से आते हैं, यह तोप कहां से आती है और यह पाकिस्तानी लोग कैसे पहुंचते हैं ऐसा हमें वहां के लोग पूछते हैं। हमें वहां के लोग यह भी पूछते हैं कि यह आर.डी.एक्स. के अम्बार वहां से कैसे आते हैं और फौजी पाकिस्तानी कैसे आते हैं, तो हमारे पास कोई जवाब नहीं होता। हम अपनी दिल्ली की सरकार से पूछना चाहते हैं कि इसका जवाब हमको दीजिए कि हम उनको क्या कहें। जबकि यह डिफेंस के पास मामला है। वह कहते हैं कि वहां से अगर यह लोग नहीं आएं तो यहां मिलिटेंसी है ही नहीं। जहां तक इस बात का ताल्लुक है, मुझे एक बात कहने की इजाजत दीजिए कि इसमें कोई शक नहीं कि वहां जद्दीपुरा में अगर सरदारों को इजतमाई तौर पर शहीद किया जाता है, कत्ल किया जाता है, कश्मीर में बेबस पंडितों को अगर इजतमाई तौर पर खत्म किया जाता है, डोडा में या अमरनाथ में कत्ल-दर-कत्ल गोलियों से उनके सीने जख्मी किए जाते हैं उनको खत्म किया जाता है, राजौरी व पुंछ में कोटचलवाल में 25 मुसलमानों को एक घर में झुलसाया जाता है, मंजरकोट में 25 मुसलमानों को एक ही दिन मारा जाता है, सुवरकोट मे बफलियाद में 50 मुसलमानों को मारा जाता है। कश्मीर में यह तबाही हो रही है तो वहां के लोग हमसे यह पूछते हैं जिस वक्त कोई अकलियती तबके का ग्रूप शहीद होता है उनको हलाकत होती है जिसकी हम बड़ी पुरजोर मज़म्मत करते हैं पाकिस्तान की। उस वक्त संसद में भी हंगामा होता है, मीडिया में भी इसकी चर्चा आती है, अखबार में भी आता है। लेकिन जब वहां के मुसलमानों को मारा जाता है तो कोई जिक्र नहीं होता। तो इसका बड़ा अफसोस है मैं हाउस में यह कहना चाहता हूं। आम अंदाजा है कि शायद 80 हजार लोग वहां मारे गए। चलो मान लीजिए कि 40 या 50 हजार ही मारे गए तो 50 हजार में से 5 हजार अकलियत तबके के लोग हैं और 45 हजार मजॉरिटी कम्युनिटी के लोग हैं। तो वह कहते हैं कि मुसलमान या हिन्दू को नहीं मारते हैं वह तो हिन्दुस्तानी मारते हैं, यह तो इंसानियत मारते हैं। वह तवक्को रखते हैं पूरी कौम से और पूरे हाउस से कि जो भी मरे उसके लिए वह हमदर्दी जताएं और उनकी भी पूरी मदद करें और ऐसे ऐक्शन की पूरे तौर पर मज़म्मत करें। जहां तक कश्मीर का ताल्लुक है, यह तो 1947 में तय हो चुका है। 1947 में उस वक्त तय हो चुका था बल्कि 1947 से पहले 1936 में यह फैसला हो चुका था जब शेरे कश्मीर ने मुस्लिम कांफ्रेंस को नेशनल कांफ्रेंस में बदला था। शेरे कश्मीर ने जिन्ना साहब की टू नेशन थ्योरी को रिजेक्ट किया और महात्मा गांधी की जम्हूरियत को एक्सेप्ट किया है। शेरे कश्मीर ने लियाकत अली की ललकार को रिजेक्ट किया और जाहिदलाल की आवाज को पुकारा और यह दो कौमी थ्योरी तो उस वक्त से रिजेक्ट की है शेरे कश्मीर ने और इसलिए की है कि इसके पीछे एक

